The extent of achievement of target has not been consistent as some of the farmers, who are largely tribals, reportedly, switch over to other Crops occasionally.

महानगरों में यातायात में वृद्धि

1104. श्री अजीत जोगी: क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन दशकों में चारों महानगरों में यातायात भीड़ में कितनी वृद्धि हुई है;

(ख) क्या यातायात की भीड़भाड़ से इन चार महानगरों में बड़ी समस्या पैदा हो रही है;

(ग) यदि हां, तो यातायात की भीड़ को कम करने के लिए शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उन्हें शीघ्र कार्यान्वित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी.जी. वेंकटरामन): (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

विश्व बैंक की सहायता से सिंचाई परियोजनाएं

1105. श्री संजय डालमिया:
श्री अजीत जोगी:

क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कुछ सिंचाई परियोजनाओं को विश्व बैंक व अन्य विदेशी एजेंसियों से सहायता मिल रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) 31 मार्च, 1996 तक कितनी सहायता राशि प्राप्त हो चुकी है;

(घ) ये परियोजनाएं कब तक पूरी हो जाएगी;

(ङ) क्या विश्व बैंक कुछ और परियोजनाओं के लिए सहायता प्रदान करने के लिए भी सहमत हो गया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र): (क) जी, हां।

(ख) से (घ) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है (नीचे देखिए)।

(ङ) जी, नहीं।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

क्रम सं.	परियोजना का नाम	सहायता की किस्म	करार की तारीख	पूरा करने की तारीख	सहायता राशि (डोनर मुद्रा मिलियन में) (कोष्ठों में दिए गए भारतीय करोड़ रुपये के लगभग बराबर)	31.3.96 को उपयोग (डोनर मुद्रा मिलियन में) (कोष्ठों में दिए गए भारतीय करोड़ रुपए के लगभग बराबर)
1	2	3	4	5	6	7
	आन्ध्र प्रदेश					
1.	करनूल कड़प्पा नहर का आधुनिकीकरण	द्विपक्षीय (जापान)	11.01.96	24.01.2003	येन 16049 (534.97 रु.)	येन 000.000
2.	आन्ध्र प्रदेश भूजल विकास परियोजना (एपीडब्ल्यूईएलएल)	द्विपक्षीय (नीदरलैण्ड)	14.11.94	14.11.2000	डी.एफ.एल. 19.00 (41.30 रु.)	डी.एफ.एल. 000.000
	हरियाणा					
3.	हरियाणा जल संसाधन समेकण परियोजना	विश्व बैंक	6.04.94	31.12.2000	अमे. डालर 294.289 (1030.01 रु.)	अमे. डालर 32.26 (112.92 रु.)
	कर्नाटक					
4.	अपर कृष्णा सिंचाई परियोजना फेज-II	विश्व बैंक	16.6.89	31.12.96	अमे. डालर 1 69.208 (592.22 रु.)	अमे. डालर 150.812 (527.84 रु.)

1	2	3	4	5	6	7
5.	तुंगभद्रा सिंचाई पायलट परियोजना(फेज-II)	द्विपक्षीय (नीदरलैण्ड)	31.8.95	31.12.97	डी.एफ.एल. 5.00 (10.87)	डी.एल.एफ. 0.000
	केरला					
6.	केरल सामुदायिक सिंचाई परियोजना	द्विपक्षीय (नीदरलैण्ड)	15.12.93	17.12.98	डी.एफ.एल. 11.02 (55.46 रु.)	डी.एफ.एल. 0.264 (0.572)
7.	केरल लघु सिंचाई परियोजना	द्विपक्षीय (ई.ई.सी.)	21.5.92	31.12.98	ई.सी.यू.11.8 (55.46 रु.)	ई.सी.यू.0.342 (1.60 रु.)
	महाराष्ट्र					
8.	महाराष्ट्र संयुक्त सिंचाई परियोजना-III	विश्व बैंक	5.12.85	31.12.96	अमे. डालर 169.083 (591.79 रु.)	अमे. डालर 138.411 (484.43 रु.)
9.	फसलों के विविधीकरण के लिए जल नियंत्रण प्रणाली परियोजना	द्विपक्षीय (ई.ई.सी.)	25.10.88	31.10.98	ई.सी.यू. 15.00 (115.15 रु.)	ई.सी.यू. 3.520 (16.54 रु.)
	उड़ीसा					
10.	उड़ीसा जल संसाधन समेकन परियोजना	विश्व बैंक	05.01.96	30.09.2002	अमे. डालर 290.9 (1018.15 रु.)	अमे. डालर 14.207 (49.72 रु.)
11.	अपर इन्द्रावती सिंचाई परियोजना	द्विपक्षीय (जापान)	15.12.88	20.01.99	येन 3744 (129.33 रु.)	येन 1952.260 (67.43 रु.)
12.	अपर कोलाब सिंचाई परियोजना	द्विपक्षीय (जापान)	15.12.88	20.07.98	येन 3769 (130.19 रु.)	येन 2178.594 (75.25 रु.)
13.	उड़ीसा लिफ्ट सिंचाई परियोजना	द्विपक्षीय (जर्मनी)	19.12.93	30.12.2020	ड्यूश मार्क 55.00 (133.15 रु.)	ड्यूश मार्क 8.741 (21.06 रु.)
	पंजाब					
14.	पंजाब सिंचाई एवं जल निकास परियोजना	विश्व बैंक	6.4.94	31.3.98	अमे. डालर 171.429 (600.00 रु.)	अमे. डालर 93.875 (328.5 रु.)
	राजस्थान					
15.	राजस्थान लघु सिंचाई परियोजना	द्विपक्षीय (जर्मनी)	29.4.88	31.12.96	ड्यूश मार्क 15.00 (36.31 रु.)	ड्यूश मार्क 12.002 (29.04 रु.)
16.	सिधमुख एवं नोहर परियोजना	द्विपक्षीय (ई.ई.सी.)	7.6.93	31.12.2000	ई.सी.यू. 45.00 (211.50 रु.)	ई.सी.यू. 19.774 (92.59 रु.)
	तमिलनाडु					
17.	तमिलनाडु जल समेकन परियोजना	विश्व बैंक	29.4.95	31.03.2002	अमे. डालर 282.9 (990.15 रु.)	अमे. डालर 12.438 (43.53 रु.)
18.	टैंक सिंचाई प्रणाली	द्विपक्षीय (ई.ई.सी.)	27.4.89	31.10.97	ई.सी.यू. 24.5 (115.15 रु.)	ई.सी.यू. 16.102 (75.67 रु.)